# AC की वार्षिक मरम्मत एवं रख–रखाव (AMC) हेतु सीमित निविदा की शर्तें एवं कार्य

1. निविदा सूचना में प्रकाशित शर्तें एवं सामान्य वित्तीय एवं लेखा नियम में उल्लेखित नियम–68 की शर्तें व राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता अधिनियम, 2012 एवं नियम 2013 की शर्तें इस निविदा का भाग मानी जाएगी।
2. मूल निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न **प्रपत्र 'अ'** में प्रदर्शित कार्य हेतु निविदादाता अपनी दरें दर्शाएँ। निगम के प्रपत्र के अतिरिक्त किसी अन्य दस्तावेज पर दी गई दरें मान्य नहीं होगी।
3. निविदा मुहरबंद लिफाफे में प्रस्तुत की जाएगी जिस पर निविदा कार्य का नाम **अंकित होना** चाहिए।
4. निविदादाता को माह में कम से कम एक बार सभी AC का निरीक्षण कर, AC की कार्य क्षमता की रिपोर्ट बनाकर प्रस्तुत करनी होगी तथा निगम द्वारा सूचना दिए जाने पर, AC को तुरन्त प्रभाव से ठीक किया जाना आवश्यक है **तथा जो भी पार्ट्स बदले जाएगें वो उसी कम्पनी के होना आवश्यक है जिस कम्पनी के ACs है।**
5. फर्म द्वारा प्रस्तुत बिलों (जो कि वर्तमान में लागू GST प्रावधान के अन्तर्गत तैयार किए गए हो) (यदि लागू हो तो) का भुगतान निगम द्वारा कार्य संतोषप्रद होने की पुष्टि संबंधित प्रभारी अधिकारी द्वारा प्रमाणित कर प्रस्तुत करने पर किया जाएगा। निगम द्वारा फर्म को भुगतान RTGS/NEFT के द्वारा किया जाएगा। इस हेतु निविदादाता को अपने बैंक खाते का विवरण निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न कर प्रस्तुत करना होगा।
6. निविदादाता को किसी भी प्रकार का कोई अग्रिम भुगतान नहीं किया जाएगा। प्रत्येक सूचना पर किए गए कार्य संतोषप्रद रूप से पूर्ण होने, एवं निगम में स्वीकार करने के बाद ही भुगतान की कार्यवाही की जाएगी।
7. निविदादाता निविदा कार्य तथा शर्तों के प्रत्येक पृष्ठ पर मुहर सहित हस्ताक्षर करेगा तथा निविदा के अंतिम पृष्ठ पर सभी शर्तो को सम्पूर्ण रूप में स्वीकार करने की सहमति देते हुए अलग से हस्ताक्षर करेगा।
8. निविदा प्रपत्र में किसी प्रकार की कॉट छॉट व ओवर राईटिंग नहीं होनी चाहिए। कॉट छॉट/ओवर राईटिंग होने पर निविदा अस्वीकार कर दी जाएगी।
9. किसी भी निविदा को स्वीकार या अस्वीकार करने का पूर्ण अधिकार प्रबन्ध निदेशक, राजस्थान मेडिकल सर्विसेज कॉर्पोरेशन, जयपुर को होगा।
10. निर्धारित समय में कार्य सम्पन्न नहीं करने पर राज्य सरकार के सामान्य वित्तीय एवं लेखा नियमों व राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता अधिनियम, 2012 एवं नियम 2013 के अनुसार 03 दिवस में कार्य पूर्ण नहीं होने की स्थिति में परिसमापित नुकसानी (LD) राशि ₹ 500/– प्रतिदिवस वसूल की जाएगी।
11. कार्यादेश के अनुसार कार्य एक दिवस में करना होगा। AC खराब होने की सूचना निविदा में दिए गए मोबाइल/लैण्डलाईन फोन अथवा ई–मेल द्वारा दी जाएगी। फर्म द्वारा AC को 24 घण्टे में ठीक नही किये जाने पर, फर्म की Risk & Cost पर निगम द्वारा AC को अपने स्तर पर ठीक कराया जाएगा जिसके व्यय की राशि फर्म को देय भुगतान से वसूल की जाएगी।

